C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सायं 5:39 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 109 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 17 अक्टूबर 2024

36 साल बाद आएगा शाहरुख...पेज-3 पर

## बनभूलपुरा में बिना लाइसेंस व परमिट के बेधड़क हो रहा टैंपो संचालन

**उत्तरांचल दीप**

**सलीम खान, हल्द्वानी**

टैंपो और टुकटुक चालकों का सत्यापन और उन्हें वर्दी देने का अभियान जोर शोर से चल रहा है। इससे चालकों द्वारा की जानी अभद्रता पर अंकुश लगेगा ही साथ ही एक भयमुक्त माहौल भी बनेगा। वहीं दूसरी ओर बनभूलपुर क्षेत्र में बेधड़क दौड़ रहे टैंपो और टुकटुक चालकों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है जिससे हमेशा ही दुर्घटनाओं का अंदेश बना रहता है। लेकिन इसको लेकर न पुलिस प्रशासन संजीदा नजर आ रहा है और ना ही परिवहन विभाग किसी तरह की कार्यवाही अमल में ला रहा है जिस कारण से यहां पर बिना किसी रोकटोक के अवैध टैंपो संचालन धड़ल्ले से चल रहा है। बता दें कि विगत दिनों कुछ टैंपो चालकों की घिनौनी करतूत सामने आई थी जिसके बाद से ही टैंपो चालकों का सत्यापन करने की मांग उठने लगी। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सख्त रूख अख्तियार कर लिया जिसके बाद अलग-अलग रूटों पर चलने वाले टैंपो और टुकटुक चालकों का सत्यापन और उन्हें वर्दी देने का अभियान शुरू कर दिया गया। लेकिन वहीं दूसरी बनभूलपुरा क्षेत्र में अवैध रूप से चल रेह टैंपो संचालन पर अभी तक किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हुई। क्षेत्र में बाहर से आए लोग बेधड़क टैंपो संचालन की आड़ में अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस के आला अधिकारी सत्यापन की बात तो कर रहे हैं लेकिन सत्यापन एक ही दिन चलाकर इतिश्री कर ली जाती है। अगर हफ्ते में दो दिन सत्यापन अभियान चलाया जाए, जिससे अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। सूत्र बता रहे हैं बनभूलपुरा क्षेत्र में टैंपो संचालन कर रहे चालकों के पास न तो लाइसेंस है और ना ही परमिट। ऐसे मे पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लाजमी है।

### खुद के खर्चे पर आई कार्ड और वर्दी बनवा रहे चालक

पुलिस-प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से सत्यापन किया जा रहा है। टैंपो चालक खुद के खर्चे पर आई कार्ड और वर्दी बनवा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की ओर से वर्दी और आईकार्ड देने की बात कही थी लेकिन टैंपो चालकों को इस तरह की कोई मदद नहीं दी जा रही है। जिस कारण से टैंपो चालक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

### खुद के खर्चे पर आई कार्ड और वर्दी बनवा रहे चालक

संभागीय परिवहन अधिकारी गुरूदेव सिंह का कहना है कि बनभूलपुरा क्षेत्र में 18 अक्टूबर से लेकर 26 अक्टूबर तक सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। जिसमें किसी के पास अगर लाइसेंस और टैंपो के कागज पूरे नहीं पाए गए तो उसका टैंपो सीज कर दिया जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गुरूदेव सिंह का कहना है कि 4 नवंबर तक सभी टैंपो चालक वर्दी और आईकार्ड के साथ सड़क पर चलते हुए दिखाई देंगे। उन्होंने बताया कि 25 टैंपो चालकों को नाइट पास दिए गए हैं और यही रात में टैंपो चलाएंगे। अगर बिना पास के नाइट पास के टैंपो संचालन करता ुआ पाया गया तो उसके खिलाफ जुर्माने के साथही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## News कॉर्नर

### शीतकाल के लिए बंद हुए चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट



**चमोली।** चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज बंद हो गए हैं। वहीं द्वितीय केदार मध्यमेश्वर की कपट 20 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज बृहस्पतिवार को ब्रह्म मुहूर्त में शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। रुद्रनाथ जी की उत्सव विग्रह डोली अपने शीतकालीन स्थल गोपीनाथ मंदिर गोपेश्वर के लिए रवाना हो गई है। आज ही 18 किमी की पैदल दूरी तय कर देर शाम तक रुद्रनाथ भगवान अपने शीतकालीन प्रवास में विराजमान हो जाएंगे। रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी वेद प्रकाश भट्ट ने विधि विधान से मंदिर को शीतकाल के लिए बंद किया। इस मौके पर सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे। वहीं द्वितीय केदार मध्यमेश्वर की कपट 20 नवंबर और तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट 4 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे।

फ्लाइट की मुंबई में आपात लैंडिंग कराई गई

## 147 यात्रियों से भरे विस्तारा की फ्लाइट में मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

विस्तारा ने बयान जारी कर बताया है कि धमकी मिलने के बाद प्रोटोकॉल के तहत सभी संबंधित अथॉरिटीज को तुरंत इसकी सूचना दी गई। विमान सुरक्षित मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। इसके बाद विमान को आइसोलेशन एरिया में ले जाया गया। विस्तारा की फ्रैंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली, जिसके बाद फ्लाइट की मुंबई में आपात लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 147 यात्री सवार थे। विस्तारा एयरलाइंस ने एक बयान जारी कर बताया कि 16 अक्टूबर 2024 को उन्हें फ्लाइट संख्या यूके 028 में बम रखा होने की सूचना मिली। यह फ्लाइट जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई के लिए संचालित होती है। फ्लाइट में बम होने की धमकी सोशल मीडिया के जरिए दी गई। प्रोटोकॉल के तहत सभी संबंधित अथॉरिटीज को तुरंत इसकी सूचना दी गई। विमान सुरक्षित मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। इसके बाद विमान को आइसोलेशन एरिया में ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मंगलवार को 22 विमानों में बम रखा होने की धमकी दी गई। इसमें एयर इंडिया की दिल्ली से शिकागो जा रही फ्लाइट भी शामिल थी। धमकी मिलने के बाद इस फ्लाइट को कनाडा की ओर मोड़ दिया गया। जहां फ्लाइट की जांच की गई। अधिकारियों के मुताबिक सभी धमकियां फर्जी निकलीं।



### मंगलवार रात फ्रैंकफर्ट से भरी थी उड़ान

विस्तारा एयरलाइंस की फ्रैंकफर्ट-मुंबई फ्लाइट ने बुधवार रात करीब 8.20 बजे फ्रैंकफर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। यह फ्लाइट सुरक्षित बुधवार सुबह 7.45 बजे मुंबई एयरपोर्ट पर उतरी। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया के जरिए विमान में बम रखा होने की धमकी दी गई। विमान में 134 यात्री और 13 क्रू के सदस्य सवार थे। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर में निजी बस ने मारी टक्कर ट्रैक्टर के परखच्चे उड़े, दो गंभीर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**हादसा**

- आरोपी बस चालक मय वाहन के साथ मौके से फरार, पुलिस को तहरीर सौंपी
- बिलासपुर रोड कोतवाली के समीप की घटना

बुधवार तड़के बिलासपुर मार्ग कोतवाली के समीप निजी बस की टक्कर से मार्ग किनारे खड़े ट्रेक्टर के परखच्चे उड़ गए। बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना में ट्रेक्टर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। शफातुन्नबी पुत्र लियाकत अली निवासी जयनगर जंगल खत्ता,दिनेशपुर ने कहा है कि आज सुबह समय करीब 4 बजे वह अपने साथी अरशद अली, मौ-असलम और एक लेबर दिलशाद सहित अपने चचेरे भाई मौ.असलम के ट्रैक्टर जिसके साथ जुड़ी ट्राली में डिबडिया से अपने पालतू जानवरों के लिए पराली भरकर अपने घर को जा रहे थे। रास्ते में एक होटल के सामने पराल से भरी हुई हमारी ट्राली में पराली को रोके रखने वाला रस्सा टूट जाने के कारण पराली बायीं ओर रोड से अलग लटक गयी। ट्राली सड़क के बायीं तरफ तिरछी हो गयी। जिस पर यहाँ मौजूद रम्पुरा पुलिस चौकी के ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी के निर्देश पर अपने ट्रैक्टर को ट्राली से अलग करके रोड के किनारे कुछ फासले से खड़ा करके उसके इंडीकेटरों को चालू हालत में सड़क के बायी तरफ खड़ा कर दिया। साथ ही देगभाल के लिए ट्रैक्टर पर लेबर दिलशाद ड्राइविंग सीट पर बैठा था। तभी बिलासपुर जिला रामपुर की ओर से हल्द्वानी की ओर जा रही दो मंजिला प्राइवेट बस उसका ड्राइवर अत्यधिक तेजी से चला रहा था और ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे ड्राइविंग सीट पर बैठे दिलशाद ट्रैक्टर से छिटक कर दूर गिरने से उसके सिर व कमर में काफी चोटे आयी। ट्रैक्टर बुरी तरह टूटकर कई टुकड़े हो गया। बस के आगे वाली नम्बर प्लेट भी घटना स्थल पर गिर गयी थी। बताया कि बस को उसका ड्राईवर उसी समय वहीं से लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि बस की तलाश की जा रही है।

## ब्यूटी पार्लर से सोने का हार चुराने वाली महिला को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**

- फिलहाल महिला को जेल भेज दिया गया

टीपीनगर चौकी इलाके में पंचवटी कॉलोनी करायल स्थित ब्यूटी पार्लर से सोने का हार चुराने वाली महिला को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिला के खिलाफ पुराना आपराधिक इतिहास भी पुलिस को मिला है। फिलहाल महिला को जेल भेज दिया गया है।

चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि बीती 14 अक्तूबर को पंचवटी कॉलोनी निवासी पीएनबी बैंक के शाखा प्रबंधक विकास जोशी की पत्नी अन्न प्राशन कार्यक्रम में सम्मलित होने से पहले ब्यूटी पार्लर गई थीं। उनके साथ जेवरात भी थे। इसी बीच आवास-विकास निवासी जसलीन कौर उर्फ प्रीति सर्वे टीम का हिस्सा बनकर ब्यूटी पार्लर पहुंची। यहां उसने बैंक अधिकारी की पत्नी के पर्स से सोने के तीन तोले का हार पर हाथ साफ किया और फरार हो गई। इसके बाद घर पहुंचकर कूड़ेदान में उसे छिपा दिया। पुलिस ने चोरी हुए हार को तो घटना के दिन ही बरामद कर लिया था, लेकिन महिला आरोपी फरार थी। बुधवार को चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट की टीम ने चोरगलिया रोड स्थित नंधौर द्वितीय गेट के पास से महिला को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन में सामने आया कि महिला के खिलाफ पहले से ही चोरी के सात मुकदमे दर्ज हैं। कोर्ट के आदेश पर महिला को जेल भेज दिया गया है।

## आज दूसरी बार सीएम पद की शपथ लेंगे नायब सैनी, मोदी रहेंगे मौजूद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बीडी पांडे जिला चिकित्सालाय का 130वां स्थापना दिवस गुरुवार को चिकित्सक व समस्त स्टॉफ द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वस्थ्य विभाग के निर्देश डॉ. एनएस गूंजयाल व विशिष्ट अतिथि आशा फाउंडेशन की चेयरमैन आशा शर्मा रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि,पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा,डॉ. एमएस दुगताल,ताल चैनल की एमडी ईशा शर्मा, डॉ.सरस्वती खेतवाल,स्व. दीपक बिष्ट की पत्नी शालनी बिष्ट ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर केक काटकर किया गया। बता दें की बीडी जिला अस्पताल का स्थापना दिवस स्व. दीपक बिष्ट द्वारा मनाया जाया जाता था, जिसके बाद पिछले दो सालो से स्व. दीपक बिष्ट की पत्नी शालनी बिष्ट व तथा अस्पताल के चिकित्सक द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा । इस



मौके पर मुख्य अतिथि स्वस्थ्य निदेशक डॉ. एनएस गूंजयाल नें बताया की यह 130वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, बीडी पांडे अस्पताल देश का ऐतिहासिक चिकत्सालाय रहा है, उन्होंने कहा यहा मौजूद सभी चिकित्सक व स्टॉफ मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान कर रहें है। कहा की बीडी पांडे अस्पताल परिसर बेहतर साफ सफाई का भी ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चिकित्सालाय में डॉक्टर व अन्य स्टॉफ की कमी जो चल रही है उसका पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहें है।

इस मौके पर प्रमुख चिकित्सक अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने वहाँ मौजूद सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान डॉ. नरेंद्र रावत, डॉ. मोनिका कांडपाल, डॉ.अनिरुद्ध गंगोला, डॉ. सुधांशु सिंह,डॉ. दीपिका लोहनी, डॉ. हर्षवर्धन पंत , डॉ. देवाशीष, डॉ. गरिमा कांडपाल, डॉ. नेहल रतन, डॉ आरुषि गुप्ता, डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, डीएस गंगोला, रजनीश मिश्रा, जितेश कुमार, मेटर्न शशि कला पांडे, शिवांगी, रजनीश श्रीवास्तव,ऋतु, सुषमा,जानकी कनवाल , भारतीय रस्तोगी, जानकी रावत, महबूब हुसैन,सूरज बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# तकनीकी खराबी से केबिल कार हवा में लटकी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल स्थित रोपवे (केबिल कार) में तकनीकी खराबी आने के चलते बुधवार को केबिल कार बीच राह में ही रुक गयी। ट्राली में सवार बिजली विभाग के दो कर्मचारी आधे घंटे तक हवा में अटके रहे। सूचना के बाद पहुंची एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ तथा अग्निशमन विभाग और अन्य विभागों की संयुक्त टीम ने विशेष रेस्क्यू अभियान चला कर दोनों यात्रियों को रस्सी के सहारे सफलतापूर्वक ट्राली से नीचे उतारा, जिनको बाद में तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले जाया गया।

बता दें कि बुधवार को नैनीताल में विभिन्न विभागों की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित की गई इस विशेष मॉक ड्रिल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के इंतजामों को परखा गया। बुधवार को एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ तथा अग्निशमन विभाग समेत पुलिस, ऊर्जा निगम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों की ओर से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सुबह साढे नौ बजे आपदा प्रबंधन कक्ष को सूचना मिली कि तकनीकी खराबी आने के चलते रोपवे की ट्राली बीच मे ही अटक गई है जिसमें दो यात्री फ से हुए है।

सूचना पर एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला मय टीम के मौके पर पहुंचे। इस बीच एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीम में भी पहुंच गई। टीमों ने ट्रॉली में फंसे यात्रियों को संयम बरतने को कहा। टीमों ने करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू अभियान चला कर दोनों यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा। स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस यात्रियों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर गयी। मॉकड्रिल में एनडीआरएफ के 13 जवानों समेत एसडीआरएफ के 10 कर्मचारी और अग्निशमन विभाग व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



विशेष मॉक ड्रिल



# बीआरओ से मुआवजा न देने पर कोर्ट में पेश होने के आदेश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बीआरओ के द्वारा याचिकाकर्ता को मुआवजा नहीं दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद पूर्व के आदेश पर बीआरओ द्वारा वर्ष 2023 से शपथपत्र पेश नहीं करने व न्यायलय के आदेशों की बार- बार अवहेलना करने पर न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद डायरेक्टर जनरल बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) न्यू देहली के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए 6 नवम्बर (बुधवार) को उनसे कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 6 नवम्बर (बुधवार) की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार धारचूला निवासी कुंदन सिंह ने 2023 में याचिका दायर कहा है था कि 1996 में तवाघाट से पांगती के लिए बीआरओ के द्वारा रोड का निर्माण किया गया। निर्माण के दौरान बीआरओ ने रोड का मलुआ उनकी कृषि योग्य भूमि डाल डाल दी। मलुए की वजह से उनकी कृषि भूमि क्षति ग्रस्त हो गयी। जब उनके द्वारा इसका मुआवजा बीआरओ से मांगा गया तो बीआरओ के द्वारा बार बार अस्वाशन ही दिया मुआवजा नही दिया। 2023 में उनके द्वारा उच्च न्यायलय में मुआवजा दिलाए जाने को लेकर याचिका दायर की। पूर्व में हुई सुनवाई पर कोर्ट ने बीआरओ से कहा था कि इसपर आप जवाब दें। कोर्ट को बताएं कि क्यों अभी तक पीडित को मुआवजा नहीं दिया गया लेकिन 2023 से अभी तक बीआरओ के द्वारा न्यायालय में कोई शपथ पत्र पेश नहीं किया। बीते 21 अगस्त को कोर्ट ने बीआरओ से कहा था कि या तो शपथपत्र करें नही करने पर डीजी बीआरओ 15 अक्टूबर को स्वयं कोर्ट में पेश हों लेकिन न शपथ पत्र पेश किया न ही स्वयं पेश हुए जिस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद डीजी बीआरओ न्यू दिल्ली के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी करते हुए उनसे 6 नवम्बर (बुधवार) को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं।

# चोरगलिया पुलिस ने 395 पाउच कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

चोरगलिया पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 395 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा सभी थाना प्रभारी को नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना चोरगलिया पुलिस ने चैकिंग के दौरान पुलिस ने मंटू सिंह पुत्र अमरजीत सिंह और बलदेव सिंह पुत्र रेशम सिंह निवासी ढौराडाम नजीबाबाद किच्छा के कब्जे से कुल 395 पाउच कच्ची शराब बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना चोरगलिया में धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल संख्या यूके06एएन 36480) को भी सीज कर दिया गया है।

# प्रो. सुचि बिष्ट को सौंपी नए विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि प्रशासन की ओर से विवि के डीएसबी परिसर के भौतिकी विभाग की नयी विभागाध्यक्ष के रुप में प्रो. सुची बिष्ट की तैनाती कर दी है वकायदा प्रो.बिष्ट ने कार्यभार भी संभाल लिया है। प्रो. बिष्ट आगामी तीन वर्ष तक विभागाध्यक्ष के पद के दायित्व का निर्वह्न करेंगी।

बता दें कि इससे पूर्व इस पद पर प्रो. संजय पंत तैनात थे। प्रो.पंत का तीन वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक समाप्त होने के बाद कुविवि प्रशासन की ओर से प्रो.सुचि बिष्ट को नए विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रो.पंत वर्तमान में परिसर में डीएसडब्ल्यू हैं।

प्रो.सुचि बिष्ट के विभागाध्यक्ष बनने पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी के अलावा प्रो. रमेश चंद्र,प्रो. बिमल पांडे, प्रो. सीमा पांडे, डॉ. गिरीश चंद्र ,डॉक्टर हेमा,डॉक्टर निशा,डॉक्टर राजकुमार सहित प्रो. संजय पंत ने खुशी जताते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है। बता दें कि प्रो.सुची बिष्ट वर्तमान में निदेशक प्लानिंग हैं तथा इससे पूर्व वह निदेशक आई क्यूएसी तथा परिसर विभागाध्यक्ष के पदों का बखूबी निर्वह्न कर चुकी हैं।



## NEWS / फटाफट

### शोध छात्रा मेघा ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल।** डीएसबी परिसर के जंतु विज्ञान विभाग की शोध छात्रा मेघा भंडारी ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की । मेघा भंडारी प्रो.एसपी एस बिष्ट कुलपति एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के निर्देशन में शोधरत हैं। मेघा भंडारी यू सेट 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी है। जंतु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.एचसीएस बिष्ट,डा.मनोज,डा. हिमांशु पाण्डे,डॉ. दीपक कुमार, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दिव्या पागती, डॉ. संदीप मंडोली, डॉ. दीपक मलकानी, डॉ.सीता देवली, डॉ. उजमा सिद्दीकी, डॉ. राशि मिगलानी,डॉ. नेत्रपाल, डॉ. नगमा परवीन ने मेघा भंडारी इस उपलब्धि पर बधाइयां दी। इस दौरान कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी , महासचिव डॉ.विजय कुमार ने मेघा भंडारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### ओबीसी का आरक्षण आपत्तियों का निस्तारण 27 तक

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के होने वाले निकाय चुनाव में ओबीसी का आरक्षण तय करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से 6 नवम्बर (बुधवार) तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 6 नवम्बर (बुधवार) की तिथि नियत की है। बुधवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि राज्य सरकार वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निकायों में आरक्षण निर्धारित कर रही है। वर्ष 2018 के निकाय चुनाव इसी आधार पर सम्पन्न हुए थे लेकिन वर्तमान समय मे पहाड़ के बजाय प्रदेश के मैदानी इलाकों में ओबीसी का वोट बैंक बढ़ा हुआ है इसलिए ओबीसी समिति की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षण दिया जाय। राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि आरक्षण को लेकर राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है जिसमें इनसे आपत्ति मांगी गई है। आपत्तियों का निस्तारण 27 अक्टूबर (रविवार) तक हो जाएगा।

# स्कूल गया 7वीं कक्षा का छात्र लापता

**हल्द्वानी।** स्कूल गया एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है कि 14 अक्टूबर को स्कूल गया था लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बसंत विहार छोटी मुखानी हल्द्वानी निवासी किशन कुमार ने पुलिस में दी सूचना पर कहा कि उसका 15 वर्षीय पुत्र भाविक बिष्ट सरस्वती विद्या मंदिर हीरानगर में कक्षा 7वीं की छात्र है। बीती 14 अक्टूबर को वह घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन छुट्टी के बाद वह घर नहीं लौटा। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी की गई लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिल पाया। पिता ने पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

# भारी भरकम गाड़ियों का छात्र संघ पदाधिकारियों ने किया विरोध

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के महिला छात्रावास केपी मे मरम्मत कार्य के चलते छात्रावासों की संकरी सड़क में ठेकेदारों की भारी भरकम पिकअप जा रही है। जिसका छात्र संघ पदाधिकारियों ने विरोध किया है।

छात्रसंघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट का कहना है कि छात्रावास की सडक़ नो क्लिम रोड है स उसके बाद भी इस पर ठेकेदारों इस पर भारी भरकम पीकअप लेजा रहे है जिससे जान माल की हानि का खतरा बना हुआ है स पहले कई बार ठेकेदार को इस रोड पर वाहन लाने को मना करने के बाद भी वाहन लाये जा रहे है। छात्र संघ ने पहले वाहनों के लिए गेट बंद कर दिया गया था। लेकिन ठेकेदरों ने फिर से गाड़ी चढ़ना शुरू कर दिया है।

उपाध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव का कहना है की पूर्व मे इस मार्ग पर पिकअप चढ़ाने पर दुर्घटना हुई थीए जिसमे चालक की मृत्यु हो गयी थी स इसके बाद भी इस मार्ग मे लोडेड गाड़ी चढाई जा रही है स यदि कभी किसी छात्र के साथ इस मार्ग मे कोई दुर्घटना होती है तो जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं है। सचिव हिमांशु मेहरा का कहना है कि मार्ग संकरा हैए जिसमें वाहन जबरदस्ती चढाये जा रहे है। ठेकेदारों को कई बार कहा गया है कि सामान को फांसी गधेरे में उतार के ढुलाई कर काम करे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। -संपादक

# ऑल इंडिया 5- ए- साइड महिला हॉकी टूर्नामेंट के अंतर्गत ऐतिहासिक डीएसए ग्राउंड में 5 मैच खेले

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हॉकी अकादमी नैनीताल द्वारा आयोजित व आदित्य बिड़ला सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं द्वारा प्रायोजित तथा द नैनीताल बैंक और द कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक नैनीताल के सहयोग से नैनीताल में चल रही ऑल इंडिया 5- ए- साइड महिला हॉकी टूर्नामेंट के अंतर्गत बुधवार को ऐतिहासिक डीएसए ग्राउंड में 5 मैच खेले गए।

बता दें कि पहले मैच में यूपी पुलिस ने हापुड़ को 2- 0 गोल से हराया जबकि अन्य मुकाबलों में नैनीताल हॉकी अकादमी ने रुद्रपुर को 3-1 गोल से,हल्द्वानी ने छत्तीसगढ़ को 5-1 गोल से तथा यूपी पुलिस ने रामपुर को 5-0 से जबकि मुरादाबाद ने हापुड़ को 9-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार (आज) से नॉक आऊट क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगें। रैफ री डा. मनोज सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बोरा, अमित कुमार तथा प्रियंका बिष्ट रहे जबकि तकनीकी समिति में राजेश साह, दीपक साह, गिरीश भट्ट, संजय गुप्ता तथा अनिल रावत रहे।

टूर्नामेंट को सफ ल बनाने में नैनीताल हॉकी अकादमी के अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, आयोजक सचिव कैलाश उर्फ आशू बोरा, ओलंपियन राजेंद्र सिंह रावत समेत मनोज साह, मोहित लाल साह, जगदीश चंद्र बवाड़ी, आनंद सिंह बिष्ट, विमल चौधरी, गोधन सिंह बिष्ट,भुवन सिंह बिष्ट, मिथिलेश पांडे, हरीश सिंह राणा आदि खेल प्रेमी जुटे रहे।



पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## आत्मनिर्भर बनें

*शीतकाल में ग्लेशियर पिघलना बंद हो जायेंगे और नदियों में जल स्तर गिर जायेगा। सर्दियों में पनबिजली उत्पादन गिर कर सात मिलियन यूनिट रह जायेगा। केन्द्र से मिली बिजली से राहत जरूर होगी, लेकिन मार्च के बाद गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने पर पुनः संकट का सामना करना पड़ेगा। उत्तराखंड में सिर्फ पनबिजली परियोजनाओं से जरूरत की पूर्ति संभव नहीं है। केन्द्र से मांगना स्थायी समाधान नहीं है, ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होना जरूरी है। जल विद्युत परियोजनाएं किसी भी राज्य में ऊर्जा की स्थायी स्रोत नहीं हैं।*

उत्तराखंड में ऊर्जा संकट गंभीर होता जा रहा है। फिलहाल केन्द्र सरकार ने तीन सौ मेगावाट बिजली का अतिरिक्त कोटा आवंटित किया है, जिससे अगले साल मार्च तक राहत हो जायेगी। बरसात के बाद सितंबर में जल विद्युत परियोजनाओं से पूरी क्षमता के अनुसार बिजली का उत्पादन होता है। सितंबर में 26 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हुआ। शीतकाल में ग्लेशियर पिघलना बंद हो जायेंगे और नदियों में जल स्तर गिर जायेगा। सर्दियों में पनबिजली उत्पादन गिर कर सात मिलियन यूनिट रह जायेगा। केन्द्र से मिली बिजली से राहत जरूर होगी, लेकिन मार्च के बाद गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने पर पुनः संकट का सामना करना पड़ेगा। उत्तराखंड में सिर्फ पनबिजली परियोजनाओं से जरूरत की पूर्ति संभव नहीं है। केन्द्र से मांगना स्थायी समाधान नहीं है, ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होना जरूरी है। जल विद्युत परियोजनाएं किसी भी राज्य में ऊर्जा की स्थायी स्रोत नहीं हैं। शीतकाल में हिमपात से ग्लेशियर नहीं पिघलते और नदियों में जल कम रह जाता है। बरसात में सिल्ट आने से टरबाइन नहीं चल पाती हैं। मानसून बिदा होने पर डेढ़ से दो माह ही पनबिजली परियोजनाएं पूरी क्षमता से उत्पादन करती हैं। गर्मियों में भी जल की कमी रहती है। जीवन शैली में बदलाव, आधुनिक उपकरणों की भरमार तथा औद्योगिक क्रांति से ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया है, लेकिन योजना पर अमल राज्यों को करना होगा। उत्तर प्रदेश के सरकारी कार्यालयों और अधिकतर निजी संस्थानों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगे देखे जा सकते हैं। उत्तराखंड में सौर ऊर्जा के प्रति रुझान में कमी नजर आ रही है। संपन्न वर्ग के लोग अपने घरों व प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल विकल्प के तौर पर कर रहे हैं। सौर ऊर्जा पर भी पूरी तरह निर्भर नहीं हुआ जा सकता है। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटकों को बिजली संकट से बचाने के लिए उत्तराखंड में विद्युत कटौती नहीं करती थी, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में घंटों बिजली गुल रहती थी। अलग राज्य बनने के बाद उत्तराखंड को केन्द्र से ही बिजली लेने का सिर्फ एक रास्ता है। उत्तराखंड को परमाणु ऊर्जा संयंत्र, गैस आधारित बिजली घर स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहिए। ऊधम सिंह नगर में निजी क्षेत्र के गैस आधारित दो विद्युत संयंत्र हैं, परन्तु उत्तराखंड ऊर्जा निगम विद्युत खरीद नहीं रहा है। ऊर्जा निगम का कहना है कि गैस आधारित बिजली महंगी है। राज्य में लगातार बिजली महंगी की जा रही है। महंगी होने के बाद भी कटौती से लोग परेशान हैं।

# अपराध गोष्ठी: अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

पुलिस उपमहानिरीक्षक (कुमायूँ परिक्षेत्र) डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत द्वारा बुधवार को कुमायूँ परिक्षेत्र के समस्त पुलिस जनपद प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन कर जनपदों में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर मणिकान्त मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोडा देवेन्द्र पींचा, पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ रेखा यादव तथा पुलिस अधीक्षक चम्पावत अजय गणपति कुम्भार तथा पुलिस अधीक्षक बागेश्वर चन्द्रशेखर घोडके मौजूद रहे।

गोष्ठी में पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमायूँ द्वारा कई निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 1 वर्ष से अधिक समय से लम्बित विवेचनाधीन अभियोगों की समीक्षा कर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। कहा कि थानों में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत दाखिल मालों के निस्तारण के कार्य में पुलिस



क्षेत्राधिकारी को लगाते हुए अधिक से अधिक मालों का निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें,क्षेत्राधिकारियों का ओ0आर0 भी लिया जाए तथा उनके द्वारा विवेचकों का उचित मार्गदर्शन किया जा रहा है अथवा नहीं साथ ही यह भी देख लिया जाए कि इनके द्वारा नियमित रूप से थानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

डीआईजी ने कहा कि वर्तमान में प्रचलित विभिन्न पोर्टलों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराये जाने की दिशा में स्कूल/कालेजों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा यह भी बताया जाए कि वह घर बैठे पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत किस प्रकार दर्ज करा सकते हैं। कहा कि डायल 112 पर प्राप्त होने वाले शिकायतों की समीक्षा कर उनमें त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए शिकायतों का समय से निस्तारण कराया जाए। कहा कि सी0एम0 हैल्प लाईन लाईन (1905 पोर्टल) पर प्राप्त समस्त प्रकार की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में उनका निस्तारण किया जाये । कहा कि एन0डी0पी0एस0 एक्ट के अन्तर्गत व्यवसायिक मात्रा में नशीले पदार्थ पकड़े जाने पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध फाईनेन्सियल इन्वेस्टीगेशन की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए,साथ ही दुर्घटनाओं की दृष्टि से दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित कर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। कहा कि जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि अपने.अपने जनपद के गुमशुदाओं विशेषकर बालिकाओं की खोजध्बरामदगी के लिए अधिक से अधिक प्रयास करे जाये जिससे सकारात्क परिणाम आये। कहा कि दीपावली पर्वए तथा शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा हैए जिसके दृष्टि कानून व्यवस्थाए यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये जिससे सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को सकुशल संम्पन कराया जा सके । अंत में उपस्थिति अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि गोष्ठी में दिये गये निर्देशों एवं उत्तराखण्ड पुलिस के मिशन के अनुरूप मित्रता, सेवा तथा सुरक्षा की भावना समस्त पुलिसजनों में जागृत कर उत्तराखण्ड पुलिस की छवि उज्जवल बनाने का सतत् प्रयास करने सम्बन्धी निर्देशों के साथ गोष्ठी का समापन किया गया।

## डीएम ने शासन से स्वीकृति 10 लाख का चेक मृतक की पत्नी को सौंपा



**रुद्रपुर।** नगर निगम रूद्रपर में उपनल के माध्यम से कार्यरत आनंद कुमार पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद आवास विकास निवासी की कोविड-19 के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिलाधिकारी/ प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह के प्रयासों से चार वर्ष बाद शासन से 10 लाख रूपये स्वीकृत हुये। बुधवार को जिलाधिकारी/ प्रशासक ने मृतक आनंद कुमार की पत्नी आरती को कलेक्ट्रेट कार्यालय में 10 लाख का सहायता चैक प्रदान किया इस मौके पर एडीएम अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी मौजूद थे।

# महिला बास्केट बॉल का फाइनल ऑल सेंट्स के नाम

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का सुप्रसिद्ध ऑल सेंट्स कॉलेज में चल रही 11वीं अमर ढिल्लन स्मृति अंतर विद्यालय महिला बास्केट बॉल टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच खेला गया।

बता दें कि फाइनल मुकाबला ऑल सेंट्स कॉलेज (ब्लू) और सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज के मध्य खेला गया और यह मैच 33-18 अंकों से ऑल सेंट्स कॉलेज (ब्लू) टीम के नाम रहा। विजेता टीम की ओर से जायना रहमान ने 14 और आकर्षि निगम ने 09 अंक अर्जित किए वहीं सेंट मेरीज़ कान्वेंट कॉलेज की हिमांशी ढेला ने अपनी टीम के लिए 08 अंक बटोरे। निर्णायक भुवन बिष्ट, फ रीद अहमद, समीर अली, मोहम्मद फैजान तथा मोहम्मद फ रदीन, दीपक थापा व तरुण खतवाल रहे।

मुख्य अतिथि भवाली के वुडब्रिज विद्यालय के संस्थापक विनय कर ने सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि हार और जीत से कहीं ज्यादा महत्व प्रतिभाग



करने का है। टूर्नामेंट में दुआ स्पेशल अवार्ड से भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की हिमानी कार्की और ऑल सेंट्स को अनन्या पिमोली को नवाजा गया वहीं मोस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर का खिताब सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज की पलकदीप कौर के नाम रहा। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की ट्रॉफ ी ऑल सेंट्स की जायना रहमान को दी गई। इस दौरान मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्या किरन जर्माया समेत मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के मैनेजर और कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक के चेयरमैन विनय साह, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता तथा वुडब्रिज स्कूल की सहसंस्थापक श्रीमती कर तथा गोपाल बिष्ट, सुनीता चौहान, ज्योतिका गिल, राजेंद्र जोशी, कमला राणा तथा हरीश जोशी भुवन बिष्ट, व अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्या किरन जर्माया ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए ईश्वर के साथ साथ सभी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फिल्मी दुनिया

## 36 साल बाद आएगा शाहरुख खान के शो फौजी का सीक्वल





*शाहरुख खान का पहला शो फौजी 36 साल बाद सीक्वल के साथ वापसी कर रहा है। इसमें विक्की जैन और गौहर खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शाहरुख खान का पहला शो फौजी 36 साल बाद सीक्वल के साथ वापसी कर रहा है। 1988 में लेफ्टिनेंट कर्नल राज कुमार कपूर द्वारा निर्देशित इस शो ने शाहरुख को एक प्रमुख भूमिका में टेलीविजन पर लॉन्च किया और उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया। अब, यह पता चला है कि फौजी का सीक्वल बन रहा है। फौजी 2 को लेकर हाल ही में दिलचस्प जानकारी सामने आई। फौजी 2 में अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन के मुख्य भूमिका में नजर आने की खबरें हैं। फौजी 2 में गौहर खान भी नजर आएंगी। शो में अभिनय करने के अलावा, विक्की संदीप सिंह के साथ इसके सह-निर्माता भी हैं। यह शो दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाएगा। यह बड़ी खबर संदीप सिंह ने साझा की, जिन्होंने टीजर पोस्ट किया और कैप्शन दिया, भारत में अब तक का सबसे प्रतिष्ठित शो वापस आ रहा है। हमें फौजी 2 की वापसी कराते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है। इस उल्लेखनीय यात्रा में हमारे साथ जुड़ें। अपडेट के लिए बने रहें। इस एलान ने शो की पहली किस्त के दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, वाह, वाह, वाह, क्या वापसी है। बिग बॉस में अपनी यादगार उपस्थिति के बाद अगर विकास जैन वहां हैं तो यह ड्रामा से भरपूर होगा। ये तो हिट होने वाला है।% एक अन्य यूजर लिखा, हमारे प्यारे विक्की भैया के डेब्यू के लिए बेहद उत्साहित हूं। शुभकामनाएं मिस्टर जैन। अच्छी खबर। फौजी 2 जरूर देखना चाहूंगा।*

### सुपरहिट रहा था फौजी

*1980 के दशक में रिलीज फौजी दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ था। यह शो भारतीय सेना की उपलब्धियों, असफलताओं और संघर्षों पर प्रकाश डालता है। शाहरुख ने अभिमन्यु राय का किरदार निभाया था। बताया जाता है कि यह किरदार भारतीय सेना के बॉम्बे सैपर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल संजय बनर्जी से प्रेरित था। यह शो जबरदस्त हिट रहा और आज भी प्रशंसक इसे दोबारा देखते हैं।*

# शौधार्थियों व स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं के बीच महत्वपूर्ण बैठक

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

राज्य की वन विभाग की विज्ञप्तियों में वानिकी विषय से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को प्राथमिकता दिए जाने तथा महाविद्यालयों व स्कूली शिक्षा में वानिकी विषय को शामिल किये जाने की मांग को लेकर वानिकी विभाग डीएसबी परिसर में समस्त शौधार्थियों व स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

बैठक में आनलाईन माध्यम से भी कई पूर्व छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया जिसमें विभिन्न राज्यों के वन विभाग से संबंधित विभिन्न पदों पर जैसे सहायक वन संरक्षक, वन क्षेत्राधिकारी तथा वन दारोगा आदि में वानिकी विषय से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को दी जा रही प्राथमिकता (जैसे जम्मू कश्मीर व मिजोरम राज्य में वन क्षेत्राधिकारी पद पर 25 प्रतिशत/ गुजरात व कर्नाटक में सहायक वन संरक्षक पद पर 25 से 50 प्रतिशत/ उड़ीसा में 50 प्रतिशत/ नागालैंड व हिमांचल व मणिपुर राज्यों में 25 से 50 प्रतिशत तथा तमिलनाडु में वन विभाग सेवा में 100 प्रतिशत) पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जहाँ एक ओर उत्तराखंड राज्य के सम्पूर्ण भू क्षेत्र का लगभग 46 प्रतिशत हिस्सा वनाच्छादित है तथा भारतीय वन अनुसंधान संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण संस्थान भी उत्तराखंड राज्य में मौजूद हैं तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्नातक व स्नातकोत्तर विषय पर पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं इसके बावजूद राज्य में वन विभाग की विज्ञप्तियों में प्राथमिकता न मिलना गंभीर चिंता का विषय है। वक्ताओं ने कहा कि महाविद्यालयों व विद्यालयी शिक्षा में भी इस विषय को एक विशेष विषय के रूप में शामिल नहीं किया जा रहा है। बैठक में प्राथमिकता के आधार पर इस विषय को लेकर विभिन्न विश्वविद्यालयों के वानिकी विभागध्यक्षों तथा कुलपतियों से मिलने के लिए का फैसला लिया गया। बैठक में डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ. नंदन सिंह मेहरा, शोध छात्र योगेश त्रिपाठी, आरिफ , शाहबाज, अम्बिका, निर्मला, फ लक तथा नीलम, दीपा, कविता व समस्त स्नातकोत्तर वानिकी के छात्र छात्राएं रहे।

## News कॉर्नर

### फोटो वायरल करने के आरोपी को बरी किया

**नैनीताल ।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल रवि प्रकाश की अदालत ने फर्जी फेशबुक आईडी के जरिये एक लड़की की फोटो वायरल करने के आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया है। आरोपी राजू जोशी के खिलाफ भीमताल निवासी एक युवती ने 17 फरवरी 2019, 27 मई 2019 व 30 जून 2019 को तीन शिकायती पत्र भीमताल थाने में देकर बताया कि वह 2017 में हल्द्वानी में कॉलेज की पढ़ाई कर रही थी । तब उनकी पहचान राजू जोशी निवासी देवलचौड़ के साथ हुई । यह दोस्ती बाद में टूट गई थी । दोस्ती के समय आरोपी ने अपने मोबाइल व शिकायतकर्ता का सिम लेकर उससे फोटो खींचे और उन्हें वायरल किया गया । साथ ही उसे, उसके भाई- बहन व अन्य को जान से मारने की धमकी दी । आरोपी ने कई बार उसकी इच्छा के विरुद्ध पीछा भी किया। मामले में आरोपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ये आरोप निराधार हैं । शिकायतकर्ता भी इस मामले में पर्याप्त साक्ष्य नहीं दे सके । जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को रिहा कर दिया।

### तल्लीताल क्षेत्र में दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में दो दिन से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। क्षेत्र में आसपास प्राकृतिक जल स्रोत नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि तल्लीताल में जू रोड से लगे हुए भावर हॉल समेत आसपास के क्षेत्र में पानी के आपूर्ति पिछले दो दिन से पूरी तरह ठप है। आवासीय क्षेत्र होने के कारण यहां बड़ी संख्या में आबादी है। स्थानीय लोगों का स्टॉक किया हुआ पानी खत्म होने के बाद क्षेत्र में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जल संस्थान के एई डीएस बिष्ट ने बताया कि लाइन में तकनीकी दिक्कत के चलते पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

# किच्छा में जयंती पर महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा निकाली

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

भगवान वाल्मीकि धर्म सभा की ओर आयोजित रामायण के महान रचयिता महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राहुल किशोर ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, आवास विकास होते हुए नगर पालिका में संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में शहर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।



शोभायात्रा में सबसे आगे अश्वमेध यज्ञ का प्रतीक घोड़ा लेकर भगवान राम के पुत्र लव-कुश की वेशभूषा में बच्चे चल रहे थे, जो यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे। शोभायात्रा के दौरान महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों को समर्पित कई सुंदर झांकियां प्रदर्शित की गईं। शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों के साथ-साथ महर्षि वाल्मीकि के संदेशों और रामायण की शिक्षाओं को चित्रित करने वाले दृश्य भी प्रस्तुत किए गए। नगर पालिका परिसर में शोभायात्रा के समापन पर एक विशेष सभा का आयोजन भी किया गया, जहां पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भगवान वाल्मीकि के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाज में उनके महत्व की चर्चा की। उन्होंने भगवान वाल्मीकि को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का महान संत बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि की शिक्षा और उनके महान कार्यों को स्मरण किया।

आयोजक मंडल ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शुक्ला को चांदी का मुकुट पहनकर सम्मानित किया! इस दौरान कार्यक्रम संयोजक नितिन चरण वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप अरोड़ा, ठाकुर संजीव सिंह, संजीव खन्ना, धर्मराज जायसवाल, नितिन फुटेला, राकेश वाल्मीकि, प्रियंका वाल्मीकि,विशाल गुप्ता, केतन कालरा, धनीराम, राजेश कुमार कोली, कैलाश वाल्मीकि, मुकेश कुमार, माइकल, विमल चरण, अरुण आदि मौजूद रहे।

# अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापार मंडल सीएफओ से मिले

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शहर में अग्निकांड की घटनाओं पर तत्काल काबू किए जाने के लिए विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राव ने दमकल विभाग के सीएफओ इशांत कटारिया से मुलाकात की। व्यापार मंडल अध्यक्ष जुनेजा ने कहा कि इन दिनों त्योहारों का मौसम चल रहा है और व्यापारियों ने अपनी दुकानों में अत्यधिक सामान भर रखा है। ऐसे में अग्निकांड से बचाव के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाया जाए। ताकि अग्निकांड की घटनाओं पर तत्काल काबू पाया जा सके। पिछले दिनों विधवानी मार्केट में बिजली की दुकान में भीषण अग्निकांड हुआ था जिसमें दमकल



विभाग की एक गाड़ी खराब हो गई थी और जल निगम मे पानी भी समाप्त हो गया था, ऐसे मे आग बुझाने का काम प्रभावित हो गया था ऐसी विषम परिस्थितियों में आग पर काबू पाने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर हाइड्रेंट लगाया जाना बेहद आवश्यक है, ताकि दमकल की गाड़ियों के पहुंचने से पहले आग पर काबू पाया जा सके। बाजार का सर्वेक्षण कर ले और आग से बचाव के लिए जो स्थान सर्वाधिक उपयुक्त समझते हैं ,वहां पर हाइड्रेंट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा के लिए हाइड्रेंट लगाना बेहद आवश्यक है, ताकि किसी भी व्यापारी का अग्निकांड के कारण त्यौहार खराब ना हो सके। सीएफओ इशांत कटारिया ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से सुनकर कहा कि व्यापार मण्डल की मांग जायज है, विभाग प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी को देंगे।

# बिलासपुर में रुद्रपुर निवासी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुक़दमा दर्ज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद की बिलासपुर पुलिस ने काशीपुर निवासी एक महिला की तहरीर पर रुद्रपुर निवासी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर एक फार्म हाउस में दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

यह कार्रवाई सीओ के आदेश पर की गई। काशीपुर क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति उसे छोड़कर विदेश चला गया है। वह एंबेसी में प्रार्थना पत्र देने के मामले में सलाह लेने के लिए रुद्रपुर में रह रहे रवि रविंदर सिंह निवासी ग्राम छतरपुर थाना रुद्रपुर यूएस नगर के पास पहुंची थी। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और शादी करने का झांसा देने लगा। आरोपी ने उसे बताया कि

**आरोप**

- एक महिला ने युवक पर फार्म हाउस पर ले जाकर दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी का लगाया आरोप

उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई है। ऐसे में वह उससे शादी करना चाहता है।

आरोप है कि एक दिन वह उसे एंबेसी की फाइल बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र की रूद्र विलास चौकी क्षेत्र स्थित एक फार्म हाउस पर ले गया। महिला का आरोप है कि उसने फार्महाउस में उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना ली। जिन्हें वह वायरल करने की धमकी देने लगा। कोतवाल बिलासपुर ने बताया कि सीओ के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, आईटी एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सम्मेलन : सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को संभालने का किया आग्रह



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आरएसएस की ओर से भवाली नगरान्तर्गत विशाल सम्मेलन का आयोजन राहुल कंसल तथा प्रमोद बिष्ट के आयोजकत्व में विजयादशमी के तहत आयोजित किया गया। इससे पूर्व सर्वप्रथम रवि शंकर जोशी वरिष्ठ कार्यकर्ता, खजान भट्ट अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, पंकज अद्वैती अध्यक्ष भाजपा व राजेन्द्र कपिल अध्यक्ष होटल ऐंड रेस्टोरेंट ऐसोसिएशन भवाली व जीवन जोशी पूर्व अधिकारी इंडियन एयर फोर्स आदि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया किया गया। कार्यक्रम में प्रेरक गीत तारा दत्त जोशी व मनोहर द्वारा गाए गए जबकि भुवन द्वारा कार्यक्रम का संचालन व महेश लाल आचार्य द्वारा ध्वजारोहण व शिशु मंदिर के छात्रों से मुख्य गणगीत गायन किया। पवन भाकुनी क्रीड़ा,गणेश जोशी ग्राम प्रधान मेहरागांव व निगल्टिया ग्राम प्रधान निगलाट तथा राकेश उप्रेती आदि द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। मुख्य वक्ता डा. माधव प्रसाद त्रिपाठी द्वारा विस्तार से हिंदू धर्म के पराभव, विधर्मियों की आक्रामकता पर प्रकाश डालते हुए जातिवाद को नकारने का आह्वान किया गया जबकि कैलाश चंद्र सुयाल नगर संचालक द्वारा हिन्दुओं से समग्र में एकता रखने तथा धर्म के गद्दारों व विधर्मियों से सावधानी बरतने व लव, लैंड व वोट जिहाद को असफ ल करने का आह्वान किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में हरिशंकर कांडपाल ने सनातनियों से अपने राजनीतिक तथा सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को संभालकर रखने हेतु आक्रामकता का मुकाबला करने का आग्रह किया। इस मौके पर नंदकिशोर पांडे आदि भी मौजूद रहे।

# बालिकाओं में मदर्स ग्लोरी विजेता व सिंथिया स्कूल उपविजेता रहा

*बालकों में बीरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिजेता व बीएलएम अकादमी उप बिजेता रहा*

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी तथा सिंथिया इन्टरनेशनल स्कूल हरकपुर क्रीरा लामाचौड़ हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में सेवन ए साइड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबाल कप 2024-25 प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण का भव्य समापन हो गया।

चार दिनों तक चले इस रोमांचक आयोजन में 33 बालक व 12 बालिका टीमों ने अपनी प्रतिभागिता करते हुए स्वस्थ टीम व खेल भावना का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में मदर्स ग्लोरी रामनगर की टीम तो बालक वर्ग में बीरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने सडन डेथ के माध्यम से अपनी जीत दर्ज कर विजेता की सेवन ए साइड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबाल कप 2024-25 की ट्रोफी को अपने नाम कर लिया।

फायनल मैच के समापन के दौरान प्रधानाचार्य डा प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने सभी अतिथियों का आभार जताया और कहा कि फुटबाल मैदान पर पहुचकर खिलाडियों का उत्साह वर्धन करना तथा पढाई के साथ खेल को भी स्कूल-कालेज में महत्वपूर्ण स्थान देने के लक्ष्य को लेकर तथा खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की प्रेरणा खिलाडियों तक पहुचाने के उद्देश्य से ही यह आयोजन किया गया था। उन्होंने सिंथिया परिवार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की




जा रही इस खेल प्रतियोगिता के आगामी संस्करणों का और व्यापक रूप देने का संकल्प भी बताया।

आज खेले गए बालिकाओं के फायनल मैच में मदर्स ग्लोरी रामनगर व सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी के बीच हुआ जिसमें मदर्स ग्लोरी की दिव्यांगी व यशस्वी ने एक-एक गोल दागकर अपनी टीम के नाम विजय हासिल करली,बालकों का फायनल मैच बीरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल व बी एल एम् अकादमी के बीच खेला गया दोनों ही टीमो के मध्य कड़ा संघर्ष देखने को मिला समय समाप्ति तक दोनों ही टीमें कोइ भी गोल नहीं करते हुए बराबरी पर रही, इसके बाद पेनल्टी शूट आउट में भी टीमें बराबरी पर रही और सडन डेथ के माध्यम से बीरसिबा ने मैच अपने नाम कर लिया. समारोह का सञ्चालन अकेडमिक कोर्डिनेटर बी बी जोशी ने किया एवं दीपक जोशी ने कमेंट्री करते हुए खिलाडियों के अंदर भरपूर जोश भरा. मैच के दौरान रेफरी व अन्य निर्णयों की टीम में आनंद बेव, गोपी डिसूजा, मोएन उल हक, मयंक पन्त, लवलेश मेर, जय अरोरा, एस एस कपकोटी, दीपक जोशी, लीला रावत, शिवानी आदि शामिल रहे।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला, डॉ. संजय जुयाल, रोटरी अध्यक्ष अनिल कर्णाटक, प्रबंधक शेमफोर्ड स्कूल दयासागर बिष्ट, अजय चौधरी,पब्लिक स्कूल एसोसियेशन के अध्यक्ष कैलाश भगत, एम्पिरियम स्कूल के करण गंगोला, निदेशक सुरेश पाल रौतेला,बी एल एम् के प्रबंधक साकेत अग्रवाल, महिपाल सिंह रौतेला,आई आई एम् टी के सार्थक अरोरा, ओमपाल सिंह रौतेला, शिवालिक चेयरमेन रमेश शर्मा, डानबास्को के निदेशक गोपाल बिष्ट, सेंट लोरेन्स निदेशक अनिल जोशी, हेरिटेज के निदेशक श्यामल दास, आकृति एंजिल की कुसुम दिगारी, लिटिल फ्लावर प्रधानाचार्या शांति जीना, डा अतुल राजपाल, अमित राजपाल, प्रधानाचार्या तूलिका रस्तोगी, स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर कात्यायन रौतेला आदि समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।